भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 379

दिनांक 09 दिसंबर,2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता

379. श्री कार्तिकेय शर्माः

वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते के संबंध में चल रही वार्ता का ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार में संभावित कितनी वृद्धि होगी;
(ग) क्या ब्रिटेन ने मोटर वाहन उद्योग जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने के लिए विनिर्मित वस्तुओं पर प्रशुल्क को कम करने को प्राथमिकता देने की मांग की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में भारत की क्या प्रतिक्रिया है; और
(ड.) व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की अपेक्षित समय सीमा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ड.): भारत और ब्रिटेन 13 जनवरी 2022 से एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता कर रहे हैं। अब तक 5 दौर की वार्ता हो चुकी है। दोनों पक्ष वार्ता को जल्द से जल्द पूरा करने के उद्देश्य से साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह एफटीए द्विपक्षीय वार्ताओं को पर्याप्तः बढ़ाने में सहायता करेगा । अटोमोटिव उद्योग सहित, वस्तु व्यापार, लाभ और गिव-अवेज के समग्र पैकेज के आधार पर वार्ता के तहत क्षेत्रों में से एक है, जो दोनों पक्षों की महत्वाकांक्षाओं और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखता है। भारत- ब्रिटेन एफटीए वार्ता वर्तमान में चल रही है।

******